हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–223 : जौनपुर, शुक्रवार 10 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह में 64 मेधावियों को स्वर्ण पदक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 25 वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 64 मेधावियों को प्रथम प्रयास में अपने विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर 65 स्वर्ण पदक प्रदान किया। स्नातक में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर बीटेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) में शशांक सिंह, बीटेक (इलेक्ट्रिकल) में हरिकेश्वर प्रजापति, बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियांत्रिकी) में राहुल पटेल, बीटेक (सूचना प्रौद्योगिकी) में ऐश्वर्या सिंह, बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग) में महिमा, बीटेक(कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग) में श्रेया गुप्ता, बी फार्मा में आकांक्षा दुबे, बी.ए. में दीक्षा यादव, बी.एस.सी. में कु. अक्षिता यादव, बी.कॉम. में कुशाग्र सिंह, बी. एससी. (कृषि) में दीपा विश्वकर्मा, बी.पी.ई. में श्वेता सिंह, बी.एड. में पूजा मिश्रा, एल.एल.बी. में नवीन कुमार लाल, बी.सी.ए. में चंद्रेश विश्वकर्मा, बी.बी.ए. में हीना गुप्ता, बी.ए.एम.एस. में निक्की सोनी, बी. यू.एम.एस. में मोहम्मद नबील निजाम।

**स्नातकोत्तर में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थी**

एम.सी.ए. में अंजलि सिंह चौहान, एम.बी.ए. (ई–कॉमर्स) में साक्षी साहू, एम.बी.ए. में स्वप्निका राय, एम.बी.ए. (कृषि–व्यवसाय) में शशि राज, एम.बी.ए. (बिजनेस इकोनॉमिक्स) में काजल सिंह, एम.बी.ए. (वित्त और नियंत्रण) में सागर कुमार शुक्ला, एम.बी.ए. (एचआरडी) में शिवांगी सिंह, एम.एस.सी. (जैव प्रौद्योगिकी) में अमीना नाज एम.एस.सी. (सूक्ष्म जीव विज्ञान) में तजीम जहरा, एम.एस.सी. (जैव रसायन) में कुंजलता प्रजापति, एम.एस.सी. (पर्यावरण विज्ञान) में सैयद मोहम्मद हैदर, एम.एस.सी. (रसायन विज्ञान)में नीलेश यादव, एम.एस.सी. (पृथ्वी और ग्रह विज्ञान अनुप्रयुक्त भूविज्ञान) में अंजू यादव, एम.एस.सी.ध्एम.ए. (गणित) में बिपिन कुमार, एम.एस.सी.(भौतिक विज्ञान) में कायनात फातिमा, एम.ए. (एप्लाइड साइकोलॉजी) में आकांक्षा सिंह, एम.ए.(मास कम्युनिकेशन) में शाकंभरी नंदन सोनथालिया एम.ए. (मास कम्युनिकेशन) में शाकंभरी नंदन सोनथालिया (अतुल माहेश्वरी गोल्ड मेडल), एम.ए.(शारीरिक शिक्षा) में सोमा कुशवाहा, प्राचीन इतिहास, पुरातत्व और संस्कृति में विकास मौर्य, रक्षा और सामरिक अध्ययन में प्रिया सिंह, अर्थशास्त्र में सलोनी चौरसिया, शिक्षा में वैशाली सिंह, अंग्रेजी में अनिल कुमार राय, भूगोल में कु0 ज्योति वर्मा, हिंदी में कु0 सोनी सिंह, संगीत (सितार) में वर्षा श्रीवास्तव, गृह विज्ञान (खाद्य पोषण) में अर्चिता चौबे, गृह विज्ञान (मानव विकास) में आरती प्रजापति, मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास में पारो यादव, दर्शन में रश्मि सिंह, दर्शन में विनय कुमार, राजनीति विज्ञान में अंकुश यादव, संस्कृत में प्रियंका यादव, समाज शास्त्र में सोनम राय, उर्दू में नेहा फातमा, अरबी में सहला तबस्सुम, मनोविज्ञान में कुमारी सुनीता चौहान, एम.एड. में प्रज्ञा सिंह, एम.कॉम. में स्वच्छा सिंह, वनस्पति विज्ञान में निधि यादव, रसायन शास्त्र में ज्योतिका पांडेय, औद्योगिक रसायन विज्ञान में किशन शुक्ला, गणित में सत्य प्रकाश गुप्ता, भौतिक विज्ञान में पूजा यादव, प्राणि विज्ञान में संध्या मौर्य एवं विनीता सिंह पटेल।

**96 शोधार्थियों को मिली पीएच.डी. की उपाधि**

दीक्षांत समरोह में विभिन्न संकायों के 96 शोधार्थियों को पीएच. डी. की उपाधि प्रदान की गई। इसमें कला संकाय के 64 विज्ञान संकाय के 09 शिक्षा संकाय के 13 कृषि संकाय के 02 विधि संकाय के 05, वाणिज्य संकाय के 02 तथा इंजीनियरिंग संकाय के एक शोधार्थियों को उपाधि मिली। इंजीनियरिंग संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. अशोक श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रो. दीपक पठानिया को डी.एससी. की उपाधि दी गई।

## जमीन पर कब्जेदारी को लेकर हुये खूनी संघर्ष में बुजुर्ग की हत्त्या : चार घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तारुन थाना क्षेत्र के गुरौली गांव पंचायत में शुक्रवार की प्रात दो पट्टीदारों के बीच जमीनी विवाद में हुये खूनी संघर्ष में एक बुजुर्ग की मारपीट कर हत्या कर दी गयी तथा कई अन्य लोग मारपीट में बुरी तरह घायल हुये है ।जिनका तारुन सीएचसी में इलाज चल रहा है। घायल उर्मिला नंदलाल शिवराम रोशन मृतक परिवार के सदस्य बताये गये हैं।बताया गया कि करीब 10 साल पहले मृतक परिवार ने दूसरे गुट राम सुख यादव के परिवार की महिला की मारपीट कर हत्त्या कर दी।चिकित्सक महिपाल सिंह ने बताया की सीएचसी में भर्ती उपरोक्त लोगो का इलाज चल रहा है।जबकि मृतक रघुनाथ की लाश उसके गांव में बाग में पड़ी होने की बात ग्रामीणों ने बतायी हैं।दरोगा हरे कृष्ण घटना के बारे में बताने से कन्नी काटते रहे। जबकि थानाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने छुट्टी का हवाला देकर अपने घर होने की बात बताई। ।दो दिन पहले रघुनाथ को दूसरे गुट ने मारा पीटा था जिसकी शिकायत पीड़ित पक्ष ने इलाकाई पुलिस से की थी।पुलिस दूसरे गुट की तलाश कर रही थी लेकिन वह पक्ष भागता फिर रहा था।

## ''जन संदेश यात्रा'' का जौनपुर आगमन : सपा कार्यालय पर सभा का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गोडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा प्रदेश भर मे चल रहे समाजवादी सरकार बनायें ''जन संदेश यात्रा'' का जौनपुर आगमन पर समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के नेतृत्व मे जोरदार स्वागत कर सभा का आयोजन किया गया सभा को सम्बोधित करते हुए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरविन्द गोंडवाना ने कहा भारत के संविधान को भाजपा सरकार खत्म कर देना चाहती हैं जहां भाजपा सरकार दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था आज उसका उल्टा कर रही है आज सभी सरकारी संस्थाओं को बेच रहे है गरीब परिवार का जीना दूर्लभ हो गया है इसलिए हमारी पार्टी ने समझा की अगर गरीबों को कोई न्याय दिला सकता है तो अखिलेश यादव ही दिला सकते है कहा 2022 का चुनाव गरीब कमजोर बनाम अमीरजादों की लडाई की है अगर सम्मान से जीना है और अपने हक अधिकार को पाना है तो समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है अखिलेश यादव ही हक अधिकार दिलाएंगे सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर ने कहा समाजवादी पार्टी हर जाति हर धर्म गरीब पिछले शोषित वंचित सबका सम्मान करती है और सब के हक अधिकार की लड़ाई लड़ती है और जब भी सरकार में रही है गरीब कमजोर हमेशा खुशहाल रहे



हैं आज फिर जरूरत आ गई है कि हम लोग संकल्प ले 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनायेंगे कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ गौड़ मदन गौड लोक बहादुर गौड,अमरजीत गौड सपा प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी रुक्सार अहमद, विजय बागी श्याम नरायन बिंन्द कमालुद्दीन अंसारी, मालती निषाद तारा त्रिपाठी,उषा यादव सोनी यादव, सीमा खाँन,माधुरी गौड,राजेश गौड काशीनाथ गौड डां वरुण गौड,विकास गौड डां राजबहादुर यादव,मजहर आसिफ,राजा समाजवादी अजीज फरीदी रणजीत गौड संचालन जिलाउपाध्यक्ष श्रवण जयसवाल ने किया।

## भाजपा सांसद स्वामी को सीडीएस हेलिकॉप्टर क्रैश में साजिश का शक, कहा– हो जांच, संजय राउत ने भी उठाया सवाल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : CDS जनरल बिपिन रावत के हेलिकॉप्टर क्रैश की जांच के लिए केंद्र सरकार ने हाई लेवल कमेटी बनाई है. सेना के पूर्व अफसर और कई नेताओं ने भी दुर्घटना को लेकर सवाल खड़े किए हैं. सीनियर ठश्रच लीडर और सांसद सुब्रमण्यम स्वामी को इस हादसे को लेकर शक है. उन्होंने जांच पर सवाल उठाते हुए कहा है कि मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के जज से करानी चाहिए. तभी सच सामने आ सकेगा। वहीं रक्षामंत्री के बयान के बाद विपक्ष संतुष्ट नजर नहीं आ रहा. शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि जब देश का सर्वोच्च सेनापति सुरक्षित नहीं तो देश का क्या होगा? उन्होंने कहा कि Mi&17V5 रूस में निर्मित एक अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर था. बिपिन रावत देश की सैन्य आधुनिकीकरण जिम्मेदारियों के संदर्भ में काम कर रहे थे. वह चीन और पाकिस्तान के संदर्भ में की गई कार्रवाइयों में शामिल थे. पुलवामा के बाद लश्कर–ए–तैयबा के खिलाफ कार्रवाई में उनका अहम योगदान रहा। शिवसेना सांसद ने आगे कहा कि ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. देश के सर्वोच्च सेनापति सबसे अत्याधुनिक व सुरक्षित हेलीकॉप्टर में यात्रा करते हैं और हादसे में उनकी मृत्यु हो जाती है. लोगों के मन में शंकाएं हैं, क्या हुआ है, ये कैसे हो सकता है? लेकिन लोगों के मन में शंकाओं का समाधान करना प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी है. इसकी जांच होनी चाहिए. मुझे यकीन है सरकार भी इस सदमे से बाहर नहीं आई होगी।

## विकास कार्यों में तेजी लाएं अफसर : नहरों में टेल तक पहुंचे पानी – डीएम

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिलाधिकारी विजय किरण आनंद विकास भवन सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए निर्देशित किया कि जनपद का चौमुखी विकास करना समस्त अधिकारियों का पहला कर्तव्य व उत्तरदायित्व है वह अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनपद के विकास में अपना अमूल योगदान देते हुए विकास के पथ पर जनपद को पहुंचाने का कार्य करें।डीएम विजय किरन आनंद ने कहा कि अधिकारी विकास कार्यों में तेजी लाएं, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय से पूरे हो सकें। वह विकास भवन सभागार विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। डीएम ने बैठक के दौरान नहर, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, कृषि, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से उनकी विभागीय योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी की तथा जनपद की प्रगति को बेहतर बनाने के संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए। अधिशासी अभियंता नहर खंड द्वारा विभागीय कार्यक्रमों से संबंधित अभिलेखों को दुरुस्त न कराने एवं अधूरी जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए चेतावनी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिल्ट सफाई के बारे में समीक्षा के दौरान नहर का पानी टेल तक पहुंचने की स्थिति के बारे में अधिशासी अभियंता से पूछा। इस पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि नहरों में रोस्टर के अनुसार पानी पहुंचाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि रोस्टर के अनुसार नहरों में पानी टेल तक नहीं पहुंच रहा है तो इसका मतलब है कि नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य बेहतर तरीके से नहीं कराया गया है, जिसके लिए विभागीय अधिकारी जिम्मेदार हैं।मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में स्वीकृत आवासों के निर्माण की स्थिति के बारे में परियोजना निदेशक ग्रामीण विकास से पूरी जानकारी मांगी जिलाधिकारी ने उन्होंने कहा कि परियोजना निदेशक को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का स्थलीय निरीक्षण करके आवासों के निर्माण की वर्तमान स्थिति संबंधी रिपोर्ट यथाशीघ्र प्रस्तुत करें।

स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि महत्वपूर्ण दवाइयों की अनिवार्य रूप से उपलब्धता रहनी चाहिए। साथ ही एंबुलेंस सेवा से मरीजों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के दौरान समयबद्धता का



विशेष ध्यान दिया जाए। जनपद में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को निःशुल्क गोल्डन कार्ड जारी करने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत कोटे की दुकानों पर भी गोल्डन कार्ड जारी करने की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इसके लिए जिला पूर्ति अधिकारी सभी कोटेदारों को पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से निर्देशित करें कि वे शासन की प्राथमिकता को गंभीरता पूर्वक लागू कराने में कोई लापरवाही न बरतें। विद्युत विभाग की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि जनपद में विद्युत उपभोक्ताओं को बिलों के संबंध में होने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण कराएं।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे निर्देशों का तय समय सीमा के भीतर अनुपालन सुनिश्चित कराएं तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण करके सत्यापन भी करें ताकि जमीनी हकीकत का पता चल सके तथा आमजन को पात्रता के अनुसार योजना का लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में जिला विकास अधिकारी प्रेमचंद यादव एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता परियोजना निदेशक राम सिंह बीएसए रमेंद्र सिंह जिला पूर्ति अधिकारी रामेन्द्र प्रताप सिंह डीआईओएस ज्ञानेंद्र सिंह भदोरिया उप निदेशक कृषि जिला कृषि अधिकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ''मानवाधिकार दिवस'' के अवसर पर स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में बनाई गई ''मानव श्रृंखला''

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : आज दिनांक 10/12/2021 को तिलकधारी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा ''मानवाधिकार दिवस'' के अवसर पर स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में ''मानव श्रृंखला'' बनाई । श्रृंखला बनाते हुए स्वयंसेविका ''स्लोगन मानवाधिकार आयोग का प्रयास खुशहाली हो हर नागरिक के पास'' का नारा लगा रही थी! श्रृंखला के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने मानवाधिकार के प्रति लोगों को जागरूक किया!तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार का दायरा बहुत व्यापक है अपने अधिकारों का सदुपयोग करना चाहिए और अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा आपसी मतभेद से दूर रहना चाहिए !आज के कार्यक्रम में प्राचार्य का स्वागत डॉ0 शालिनी सिंह ने किया, धन्यवाद डॉ0 पूनम सिंह ने किया तथा संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी




डॉ0राजश्री सिंह ने किया।संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## महराजगंज मण्डल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर में की सफाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बाबा विश्वनाथ धाम का 13 तारीख को माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा भव्य उद्घाटन किया जा रहा है जिसमें देश प्रदेश के मंदिरों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में महराजगंज मंडल टीम द्वारा मंडल के पांच प्रमुख मंदिरों पर सफाई अभियान रखा गया है। इसी क्रम में मण्डल अध्यक्ष यादवेन्द्र प्रताप सिंह लवकुश के अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम के संयोजक निर्भय प्रताप सिंह के संयोजकत्व में 10 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे बाबूगंज में स्वामी ब्रह्म तेज कुटी में साफ सफाई की गई। उक्त अवसर पर मण्डल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष अध्यक्ष, युवा मोर्चा के पदाधिकारी, पिछड़ा मोर्चा के पदाधिकारी, अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी, किसान मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पालम एयरपोर्ट पहुंचे पीएम : सीडीएस सहित सभी सैन्यकर्मियों को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पालम एयरपोर्ट पहुंचकर हेलिकॉप्टर हादसे में मारे गए सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और 11 सैन्य अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और एनएसए भी अजीत डोभाल भी मौजूद रहे. सभी सैन्यकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करन के बाद पीएम मोदी ने पालम एयरपोर्ट पर मौजूद सैन्य कर्मियों के परिजन और परिवारवालों से भी मुलाकात की. इस दौरान सभी की आंखें नम थीं। पीएम मोदी को देखते ही एयरपोर्ट पर मौजूद सैन्यकर्मियों के परिजन फफक कर रो पड़े. सैन्यकर्मियों को रोता देख पीएम मोदी ने उन्हें सांत्वना दी. इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत और अन्य सशस्त्र बलों के जवानों के परिवारों से मुलाकात की थी. एयरपोर्ट पर राजनाथ सिंह ने बिपिव रावत की दोनों बेटियों से मुलाकात की।

## गीडा थानेदार के खिलाफ लेखपाल संघ ने खोला मोर्चा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : पुलिस की छवि को सुधारने की मुहिम लगातार जारी है और डीजीपी से लगायत जिले और जोन में तैनात आला अधिकारी पुलिस की तस्वीर जनता के बीच बेहतर पेश करने की कवायद में नए नए फरमान जारी कर रहे हैं। वहीं कुछ पुलिस कर्मी ऐसे भी हैं जो अपने अधिकारियों की मेहनत और मंशा पर पानी फेरने में जुटे हैं। मामला गीडा के थानेदार से जुड़ा है जिन पर सहजनवां क्षेत्र के लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों से अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगा है। बताते चलें कि इससे पहले विनय कुमार सरोज जब राजघाट के थाना प्रभारी रहे तब उन पर तमाम आरोप लगे जिसमें पूजा पाठ कराने वाले पंडित को मारने और उससे मकान खाली कराने समेत महिला के मकान में जबरन किराएदार को भेजने और रामलीला कमेटी के अध्यक्ष से दुर्व्यवहार करने समेत अन्य तमाम आरोप शामिल हैं लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों से सम्बंध के आधार पर शिकायतों के बावजूद उन्हें राजघाट थाने से हटा कर जिले का सबसे अच्छा समझे जाने वाले गीडा थाने पर तैनाती मिली। बहरहाल साहब का सिर्फ थाना बदला है व्यवहार नही जिसको लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले संघ की सहजनवां इकाई के अध्यक्ष योगेंद्र नाथ यादव ने थानेदार की लिखित शिकायत पत्र के माध्यम से उप जिलाधिकारी सहजनवां से किया है। पत्र में थानेदार विनय कुमार सरोज पर सरकारी कार्य के लिए पुलिस बल उपलब्ध न कराए जाने से लेकर लेखपालों और राजस्व निरीक्षको से अभद्रता और अपमानजनक व्यवहार किये जाने की बात कही है। वहीं थानाध्यक्ष के विरुद्ध कारवाही न होने की दशा में संघ द्वारा थाना दिवस का बहिष्कार करने की बात कही है।

## ग्राम प्रधान मस्त जनता ग्रस्त



सन्तकबीरनगर संवाददाता राम अनुज गुप्ता : जनपद सन्तकबीरनगर के धनघटा थाना ब्लाक हैसर बजार के अंतर्गत ग्राम छोटी रूपिन लगभग बीते हुए 8 महिने से ग्राम प्रधान महेन्द्र चौहान गड्ढा मुक्त नहीं कर पाए उस रास्ते पर आने जाने के लिए जनता को बहुत ही तकलीफ होती है खास करके एक विकलांग के परिवार को जिनके घर जाने का एकमात्र रास्ता है। ग्रामवासियों एवं विकलांग व्यक्ति द्वारा ग्राम प्रधान से बार–बार अनुरोध किये जानें के बाद भी ग्राम प्रधान द्वारा आज तक उक्त मार्ग को ठीक नहीं करवाया गया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
कोई तुम्हारा साथ न दे तो गम ना कर, खुद से बड़ा दुनिया में कोई हमसफर नहीं होता–
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## सीडीएस जनरल बिपिन रावत : जांबाज योद्धा, अचूक रणनीतिकार

वर्ष 1971 में यानी बांग्लादेश युद्ध के दौरान ही देश में सीडीएस या रक्षा प्रमुख की चर्चा शुरू हो गई थी, जो सेना के तीनों अंग का प्रधान होता है। रक्षा प्रमुख के होने से युद्ध जैसी स्थिति में सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल होने का फायदा होता है। वर्ष 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जनरल सैम माणेकशॉ को, जो तब थल सेनाध्यक्ष थे, रक्षा प्रमुख बनाना चाहती थीं।

जो भी आदमी सेना की वर्दी पहनता है, वह जानता है कि उसके साथ कभी भी अनहोनी हो सकती है। देश के पहले रक्षा प्रमुख (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत भी यह बात बखूबी जानते रहे होंगे। वह बेहद काबिल आदमी और जांबाज योद्धा थे। साथ ही, वह बहुत किस्मत वाले भी थे। उन्हें गोली लग चुकी थी। नगालैंड में हुए एक हादसे में वह बाल–बाल बच गए थे। लेकिन विगत आठ दिसंबर को, जब वह एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे, तकदीर ने उनका साथ नहीं दिया।

उनका हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वह हमसे बिछड़ गए। उनके साथ–साथ उनकी पत्नी तथा दूसरे लोग भी काल के गाल में समा गए और सिर्फ ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह अस्पताल में बेहद बहादुरी से जिंदगी की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनरल बिपिन रावत के बारे में यह याद रखना चाहिए कि अपनी बहादुरी और काबिलियत के कारण ही उन्हें थल सेनाध्यक्ष, और फिर देश का पहला रक्षा प्रमुख बनाया गया।

वर्ष 1971 में यानी बांग्लादेश युद्ध के दौरान ही देश में सीडीएस या रक्षा प्रमुख की चर्चा शुरू हो गई थी, जो सेना के तीनों अंग का प्रधान होता है। रक्षा प्रमुख के होने से युद्ध जैसी स्थिति में सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल होने का फायदा होता है। वर्ष 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जनरल सैम माणेकशॉ को, जो तब थल सेनाध्यक्ष थे, रक्षा प्रमुख बनाना चाहती थीं।

लेकिन तत्कालीन वायुसेनाध्यक्ष ने उस प्रस्ताव पर रुचि नहीं दिखाई, क्योंकि माणेकशॉ से उनके अच्छे रिश्ते नहीं थे। करगिल युद्ध के बाद तैयार की गई रिपोर्ट में एक बार फिर रक्षा प्रमुख की जरूरत बताई गई, क्योंकि उस युद्ध में थलसेना और वायुसेना के बीच तालमेल की कमी सामने आई थी। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उस संभावना पर पानी फेर दिया।

नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने, तो उन्हें रक्षा प्रमुख का महत्व समझ में आया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल भी रक्षा प्रमुख के पक्ष में थे। विचार–विमर्श के बाद इस महत्वपूर्ण पद के लिए बिपिन रावत का नाम सामने आया। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि थल सेनाध्यक्ष के रूप में बिपिन रावत का कामकाज सरकार को बहुत पसंद आया था। वह सेना के आधुनिकीकरण के हामी थे।

रक्षा प्रमुख के तौर पर उन्होंने अनेक काम किए, लेकिन उनकी सबसे महत्वाकांक्षी योजना इंटीग्रेटेड थियेटर कमांड के गठन की थी। इसके तहत वह अलग–अलग सत्रह कमांड को एक एकीकृत बल (यूनिफाइड फोर्स) में लाने की योजना बना रहे थे, जो दुर्योग से अधूरी रह गई। उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाले दिनों में यह काम जरूर पूरा होगा।

जनरल रावत ने अपने लंबे सैन्य जीवन में एक जांबाज सैनिक और अचूक रणनीतिकार की अपनी छवि बनाई थी। जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद–विरोधी लड़ाई में योगदान के कारण उन्हें पुरस्कार मिला था। पूर्वोत्तर में उग्रवाद–विरोधी अभियानों में उनकी सक्रियता भी उतनी ही देखने लायक थी। इस संदर्भ में खासकर 2015 में नगा उग्रवादियों को करारा जवाब देने के लिए म्यांमार स्थित उनके शिविरों को निशाना बनाने की घटना याद की जा सकती है, जिसे औपचारिक तौर पर पहली सर्जिकल स्ट्राइक माना जाता है। उरी में हुए हमले के बाद उनकी सक्रियता देखने लायक थी।

वह युद्धभूमि में एक सख्त सैनिक थे, तो रात–रात भर जागकर सैन्य व्यूह रचना करने वाले अनूठे योजनाकार भी थे। पुलवामा हमले के जवाब में की गई सर्जिकल स्ट्राइक दुनिया ने देखी। जनरल रावत, जाहिर है, उस जवाबी हमले के योजनाकारों में से थे। शीर्ष सेनाधिकारी के तौर पर जनरल बिपिन रावत ने अपनी गहरी छाप छोड़ी। उनके समय में पाकिस्तान और चीन, दोनों के खिलाफ सख्ती हमारी सेना के हौसले और मनोबल के बारे में ही बताती थी।

भारतीय सेना ने युद्ध के मैदान में हमेशा ही शौर्य का परिचय दिया है। आज का भारत एक साथ दो मोर्चों पर बढ़े हुए मनोबल के साथ लड़ सकता है। जनरल रावत ने इसके अलावा कई बार अपने फैसलों, विचारों और टिप्पणियों से भी भारतीय सेना की बनी–बनाई छवि तोड़ी। चाहे वह कश्मीर के बड़गाम में पत्थरबाजों से बचाव के लिए एक आम नागरिक को सेना की जीप के बोनट पर बांधकर घुमाने वाले मेजर गोगोई को दिया गया पुरस्कार हो या फिर सीएए के खिलाफ आंदोलन करने वालों की आलोचना या फिर सरकार की नीतियों का समर्थन।

इन सबके जरिये जनरल रावत ने यह संदेश दिया कि देश के जिन मुद्दों से सेना का सीधे जुड़ाव है, उन पर सेनाधिकारियों को टिप्पणी करने का अधिकार है। हां, जिन मुद्दों से सेना का कोई लेना–देना नहीं, उन पर जरूर टिप्पणी करने से उसे बचना चाहिए। लेकिन इस सोच का समर्थन नहीं किया जा सकता कि सेना को राजनीति से दूर ही रहना चाहिए।चूंकि रक्षा प्रमुख जनरल रावत, उनकी पत्नी और दूसरे सैन्य सहयोगियों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर एमआई–17, वी5 के दुर्घटनाग्रस्त होने से यह हादसा हुआ, ऐसे में इस हेलीकॉप्टर पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि जांच में सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। इसलिए जल्दबाजी में इस हेलीकॉप्टर की क्षमता पर सवाल उठाना सही नहीं है, क्योंकि इसे सबसे सुरक्षित हेलीकॉप्टर माना जाता है।

फिर यह भी नहीं भूल सकते कि इस तरह के हादसे इससे पहले भी हुए हैं। अव्वल तो जैसा कि बताया गया है, धुंध के कारण दृश्यता बहुत कम थी। तिस पर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के वक्त इस तरह की समस्या आ जाती है। लिहाजा यह उस हेलीकॉप्टर की क्षमता पर सवाल उठाने का सही समय नहीं है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सीडीएस बिपिन रावत व उनकी पत्नी समेत तेरह सैन्य अधिकारियों के निधन पर शोक : दी गई श्रद्धांजलि

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : तमिलनाडु के कुन्नूर में हेलिकॉप्टर क्रैश में देश के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ(सीडीएस) जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी समेत 13 लोगों की मौत की घटना से देश भर में शोक की लहर है। श्री चित्रगुप्त धाम सेवा ट्रस्ट की ओर से जन सेवा केंद्र पर शोक सभा/श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर जनरल रावत और उनके साथ हेलिकॉप्टर क्रैश में मारे गए अन्य सैन्य अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी गई। शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि देश के वीर योद्धा का हमे इस तरह छोडकर चले जाना बहुत दुखदायी है यह पूरे देश के लिए एक अपूर्ण क्षति है जनरल बिपिन रावत का नेतृत्व हमेशा याद किया जाएगा। फिर चाहे सेना का आधुनिकीकरण करना हो या बतौर सीडीएस सेना के तीनों अंगों को एक सूत्र में बांधना हो।सभी शहीदों के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि।कहा कि देश के पूर्व सेनाध्यक्ष व देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल श्री बिपिन रावत जी, उनकी धर्मपत्नी और सशस्त्र बल के अन्य शहीद हुए मधुलिका रावत (जनरल रावत की पत्नी),ब्रिगेडियर एल एस लिद्दर,लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह,विंग कमांडर पृथ्वी सिंह चौहान,स्क्वाड्रन लीडर कुलदीप सिंह,जेडब्ल्यूओ राणा प्रताप दास,जेडब्ल्यूओ प्रदीप ए.,हवलदार सतपाल,नायक गुरसेवक सिंह,नायक जितेंद्र कुमार,लांस नायक विवेक कुमार,लांस नायक साइ तेजा आदि अधिकारियों और जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्र नवनीत गुप्ता



ने शहीदों की स्मृति में दीप जलाकर,पुष्पांजलि अर्पित की।शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना के संचालन में हुई श्रद्धांजलि सभा में सी एच सी की अनुराधा सक्सेना, सेवानिवृत्त शिक्षक महेश चन्द्र मिश्र, श्री चित्रगुप्त सेवाधाम ट्रस्ट के संस्थापक अनुराग श्रीवास्तव, आकाश दीप श्रीवास्तव, भाजपा नेता नीरज श्रीवास्तव, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभाकर बाजपेई,आशुतोष मिश्र,संदीप श्रीवास्तव,डॉ मनीष शर्मा,कौशल कुमार श्रीवास्तव,हितेश पांडेय,राकेश श्रीवास्तव,नन्हेलाल श्रीवास्तव, मोहम्मद इमरान खां,अंकित सक्सेना,आजाद सिंह,उत्तम श्रीवास्तव,योगेश दीक्षित,रोहित श्रीवास्तव,अजीत शुक्ला,सत्येन्द्र श्रीवास्तव एवं सुखदेव अग्निहोत्री और ट्रस्ट परिवार की ओर से सेना प्रमुख एवं शहीद सैन्य अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । श्री चित्रगुप्त सेवाधाम ट्रस्ट के संस्थापक अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि बिपिन रावत के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है।

## रोडवेज बसों से आय के मामले में हरदोई पहले और लखनऊ दसवें स्थान पर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) की बसों के संचालन से नवम्बर माह में हरदोई ने सर्वाधिक आय अर्जित कर पहला स्थान हासिल किया है। जबकि आय के मामले में गाजियाबाद दूसरे और लखनऊ दसवें स्थान पर है। परिवहन निगम मुख्यालय से जारी नवम्बर माह की रिपोर्ट में प्रदेश भर में हरदोई ने आय के मामले में पहला स्थान, गाजियाबाद ने दूसरा और देवीपाटन ने तीसरा स्थान हासिल किया है। जबकि लखनऊ दसवें स्थान पर रहा है। परिवहन निगम प्रशासन के मुताबिक, प्रदेश भर के 20 क्षेत्रों के आय की रिपोर्ट पेश की गई। इसमें बसों के संचालन से होने वाली आय की गणना की समीक्षा की गई। हरदोई की आय 08 करोड़, गाजियाबाद की आय 07 करोड़ 13 लाख और देवीपाटन की आय 02 करोड़ 09 लाख रही है। परिवहन निगम की रिपोर्ट में आय के मामले में



प्रदेश में प्रथम स्थान पर आने पर हरदोई क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज त्रिवेदी, दूसरे स्थान पर आने पर गाजियाबाद के क्षेत्रीय प्रबंधक अखिलेश कुमार सिंह और तृतीय स्थान पर आने पर देवीपाटन क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभाकर मिश्रा की सराहना की गई है।

## सोच में परिवर्तन से बेटियां आगे बढ़ी : राज्यपाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 25 वें दीक्षांत समारोह शुक्रवार को महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में मनाया गया। इस अवसर पर मेधावियों को 65 गोल्ड मेडल दिए गए। मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. जे.एस. राजपूत को डी.एससी. की मानद उपाधि प्रदान की गई। इसी के साथ रसायन विज्ञान के प्रो, दीपक पठानिया को भी डी.एससी की उपाधि दी गई। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि पूर्वांचल की मिट्टी में कुछ खास है तभी यहां की बेटियां बेटों से आगे हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ 75 फीसदी बेटियां मेडल प्राप्त की हैं, स्थिति काफी अच्छी है। बेटियां आगे बढ़ रहीं हैं। आज के वातावरण में सोच और समझ में परिवर्तन आया है उसी से बेटियां आगे बढ़ी हैं। उन्होंने छोटे बच्चों पर कहा कि ऐसे छोटे बच्चे गाँव से जब विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आते हैं तो यहाँ की भव्यता देखकर वह मन में सोच कर जायेंगे कि जब हम पढेंगे तभी यहाँ तक पहुंचेंगे। इस सोच के साथ बच्चों को आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल पाने वालों को देखतें है तो उनमें उन जैसा बनने की चाहत होती है। उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण शत प्रतिशत हो इसके लिए गाँव में जाकर ग्रामीणों को प्रेरित करना चाहिए। समाज के साथ निरंतर विश्वविद्यालय का संपर्क बना रहना चाहिए। उन्होंने भाषण के अंत में विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में ऐसा काम करें जिससे कि आपको आने वाली पीढ़ी याद करे। उन्होंने कहा कि छोटी–छोटी समस्याओं का विकास हम स्वयं करें तभी सम्पूर्ण देश का विकास होगा। दीक्षांत उद्बोधन में मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रो. जे. एस. राजपूत ने कहा कि ज्ञान से पवित्र कुछ नहीं है। शिक्षा चरित्र निर्माण के लिए होनी चाहिए। इसका विश्लेषण करिए की आप ने व्यक्तित्व विकास के लिए क्या किया? उन्होंने कहा कि शिक्षा अध्ययन, मनन, चिंतन और उपयोग के लिए होनी चाहिए। हमें देश, परम्परा और ज्ञान की शक्ति को पहचानना होगा। उनका मानना है कि शिक्षा जीवनपर्यंत सीखने की बात है। समय बदल रहा है, पहले विज्ञान पर बात होती थी फिर विज्ञान, तकनीक और अब तकनीक और संचार की बात हो रही है। उन्होंने कहा कि विश्व में वही देश आगे जाएगा जिसके पास बौद्धिक संपदा होगी। शिक्षक बनने जा रहे लोग यह समझें की आप भविष्य के निर्माता हैं। आपकी शिक्षा देश की प्रगति में योगदान देने वाली हो। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० निर्मला एस० मौर्य ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में असीम उत्साह एवं क्षमता है। उन्हें जीवन के प्रति आधुनिक विचारों के साथ नये–नये तकनीकी, आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तनों से प्रशिक्षित करने की जरूरत है ताकि वे जीवन की ऊँचाइयों पर पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि नारी को स्वावलम्बी, सशक्त, आत्मनिर्भर एंव जागरूक बनाने के दिशा में विश्वविद्यालय स्तर पर भी प्रयास किये जाएँ, इस दिशा में लगातार विश्वविद्यालय, महिला अध्ययन केन्द्र के माध्यम से प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनएसएस, महिला अध्ययन केन्द्र, मिशन शक्ति, कौशल विकास केन्द्र एवं रोवर्स रेंजर्स जैसी गतिविधियों में विश्वविद्यालय का राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को भी बताया।

दीक्षांत समारोह की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। शोभायात्रा में अतिथियों के साथ कार्य परिषद् एवं विद्या परिषद के सदस्य शामिल हुए। दीक्षांत समारोह का संचालन डॉ. मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, डा. विजय सिंह, डा. राहुल सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. रामनारायण, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. बीडी शर्मा, डा. केएस तोमर, लक्ष्मी मौर्य, उपकुलसचिव वीरेंद्र मौर्य, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, बबिता सिंह, दीपक सिंह, डा. संदीप सिंह, डा. प्रदीप कुमार, डा. मनीष गुप्ता, एनएसएस समन्वयक डा. राकेश यादव, रोवर्स रेंजर्स डा. जगदेव, डा. विजय तिवारी, डा. संतोष कुमार,. डा. रजनीश भास्कर, डा. रशिकेस, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह, डा. अवध बिहारी सिंह. डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, अन्नु त्यागी, डा. अमरेंद्र सिंह, डा. चंदन सिंह, डा. मनोज पांडेय, डा. आशुतोष सिंह, डा. अमित वत्स, रामजी सिंह, स्वतंत्र कुमार, डा. पीके कौशिक, सुशील प्रजापति, श्याम श्रीवास्तव, राजेश जैन, हेमंत श्रीवास्तव आदि शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

## सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इण्डिया लिमिटेड द्वारा सीएससी केन्द्र संचालकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया

डीकेयू गोरखपुर ब्यूरो चीफ राजनारायण ओझा : दिनांक 9 दिसम्बर 2021 को जिला गोरखपुर में सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इण्डिया लिमिटेड द्वारा सीएससी केन्द्र संचालकों की कार्यशाला का आयोजन नौशड स्थित रीनॉल्ट कार शोरूम में उत्तर प्रदेश राज्य प्रभारी श्री अतुलित राय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सीएससी केन्द्र संचालकों को मौजूदा सभी लाभकारी सरकारी सेवाओं को आमजनमानस तक पहुचाने हेतु प्रेरित एवं प्रशिक्षित किया गया। श्री अतुलित राय जी द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा आम जनमानस हेतु विभिन्न योजनाएं जैसे आयुष्मान भारत योजना, ई श्रम पंजीकरण आदि चलाई जा रही है जिनकी आमजनमानस में जागरूकता की आवश्यकता है और इस हेतु सीएससी केंद्र संचालकों की अहम भूमिका है। साथ ही माननीय राज्य प्रभारी द्वारा बताया गया कि सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इण्डिया लिमिटेड द्वारा आमजनमानस को सभी सुविधाओ में जैसे ऑनलाइन सेवाओं से प्रारम्भ कर बाइक, कार, बीमा सहित सभी प्रकार की सेवाओं को देने का प्रयास किया जा रहा है जिससे ग्रामीण जनता को सभी सुविधाएं उनके ग्राम में ही प्रदान की जा सके। साथ ही विभिन्न सरकारी सेवाओं



में अच्छे कार्य करने वाले केन्द्र संचालकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न क्षेत्र से आए सीएससी केन्द्र संचालक, सीएससी राज्य परियोजना प्रबन्धक श्री कौशलेन्द्र राय, सीएससी वित्तीय समावेश प्रभारी श्री अश्वनी शुक्ला, सीएससी ग्रामीण ई स्टोर प्रभारी श्री जगदम्बिका नाथ पाण्डेय, जिला प्रबंधक श्री विकास कुमार, श्री अंशुल यादव, जिला समन्वयक श्री विनीत कुमार श्रीवास्तव, रीनॉल्ट कार से श्री रोहित जी, HDFC बैंक से श्री रितेश पाण्डेय, श्री विनय तिवारी, श्री शैलेन्द्र शेठ, इंडिया फर्स्ट लाइफ इन्सुरेंस से श्री सतीश पाण्डेय, HDFC ERGO से श्री मनीष मिश्रा, SBI जनरल इंसयोरेन्स से श्री राहुल मणि उपस्थित रहे।

## किसान व्यापारी और खिलाड़ी हमारे समाज की धरोहर हैं : मुकेश अग्रवाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : 2022 के विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए भाजपा नेता पूर्व मंत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि किसान,व्यापारी और खिलाड़ी हमारे समाज की धरोहर हैं। श्री अग्रवाल ग्राम ओड़ेरी में ग्रामीण प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा प्रोत्साहन के साथ ही समाज के अंतिम पंक्ति के बच्चे की प्रतिभा को तराशने का काम करें। हरेक बच्चे में जन्मजात कोई न कोई प्रतिभा होती है, जिसे पहचान कर तराशने की जिम्मेदारी शिक्षक की होती है।उनका कहना था कि कहा कि किसान हमारे समाज की धरोहर है। बुजुर्गों व किसानों की उपेक्षा बढ़ती जा रही है। हमें उनका सम्मान करना चाहिए। कुप्रथाओं से दूर रहकर सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेना चाहिए। पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्र नवनीत गुप्ता ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने से ही सामाजिक विकास होता है।सभी शिक्षितजनों को सहयोग की भावना से सामाजिक विकास में योगदान देना चाहिए। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्व मंत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कृषक सरोज द्विवेदी,रमेश,राम



कुमार, कमलाकांत,सर्वेश, जदुराम,राजपाल,जकी अहमद, शंकर, वेदराम, सत्येन्द्र पांडेय, साधु पाल को साल उड़ाकर सम्मानित किया गया। व्यापारी सोमदेव श्रीवास्तव,छोटे भैया, सोनू द्विवेदी,अश्वनी गौतम,सुशील यादव,अमित मिश्र,राजेश राठौर को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।खिलाड़ियों में गिरिनेश द्विवेदी,निखिल द्विवेदी एवं संजीव को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रधान सर्वरदीन,शिव कुमार गुप्ता,मोहित सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश,मुन्ना सिंह,रिंकू सिंह,माया प्रकाश मिश्र, भन्नू मिश्र,नितिन त्रिवेदी,संजीव आदि मौजूद रहे।ग्रामीण प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुकेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।संचालन हेमंत द्विवेदी ने किया। आयोजक प्रधान मुकेश द्विवेदी और उनकी टीम ने 51 किलो का माला पहनाकर पूर्व मंत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल का सम्मान किया।

## जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 07 वांछित व 01 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न प्रकार है:– थाना गौराबादशाहपुर– 1.थाना गौराबादशाहपुर पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 174/2021 धारा 302/201 भा0दं0वि0 में वांछित अभियुक्त ओमकार यादव पुत्र बाँकेलाल यादव निवासी चौकी पिलखुवा थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को आज दिनांक 10/12/2021 समय 11.30 बजे जौनपुर– आजमगढ मार्ग पर स्थित जेठानी ढावा अन्तर्गत ग्राम कबीरुद्दीनपुर से गिरफ्तार किया गया। जिसे मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है। थाना केराकत– 2. प्र0नि0 केराकत लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व मे आज दिनांक 10.12.2021 को माननीय न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्लू वारण्ट प्रोसेस सम्बन्धित मु0नं0 1055/2020 धारा 128 सीआरपीसी – मे फरार चल रहे वारण्टी – राकेश पुत्र इन्द्रमणि नि0 नरहन चकरारेत थाना केराकत जनपद जौनपुर मा0 न्यायालय अपर प्रधान न्यायधीश चतुर्थ जौनपुर द्वारा जारी वारण्ट के तहत वारण्टी को उसके घर से समय 05.30 बजे प्रातः गिरफ्तार कर चालान सम्बंधित माननीय न्यायालय किया गया। थाना मछलीशहर– 3.थाना मछलीशहर क्षेत्र में दिनांक 09.12.2021 को हुई मारपीट की घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–288/21 धारा–147/ 148/149/ 323/ 504/452/380/308 भा.द.वि. पंजीकृत हुआ था, मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण को उनके घर मे दबिश देकर व.उ0नि0 श्री रामप्रवेश कुशवाहा, चौकी प्रभारी उ.नि.श्री सकलदीप सिंह मय हमराही कर्मचारीगण के गिरफ्तार किया गया। नाम पता अभियुक्तगण –1.सरवर राइन पुत्र हाजी सिद्दीक उम्र करीब 48 वर्ष नि. पुरानी बाजार कस्बा मछलीशहर थाना मछलीशहर जौनपुर। 2.मुस्ताक अहमद पुत्र हाजी सिद्दीक उम्र करीब 37 वर्ष नि. पुरानी बाजार कस्बा मछलीशहर थाना मछलीशहर जौनपुर। 3.अजमत राइन पुत्र सुलेमान उम्र करीब 25 वर्ष नि. मो. कोतवाली कस्बा मछलीशहर थाना मछलीशहर जौनपुर। 4.इमरान अहमद पुत्र मो. मुस्लिम उम्र करीब 26 वर्ष नि. पुरानी बाजार कस्बा मछलीशहर थाना मछलीशहर जौनपुर। 5.आर्यन अहमद पुत्र मो. मुस्लिम उम्र करीब 21 वर्ष नि. पुरानी बाजार कस्बा मछलीशहर थाना मछलीशहर जौनपुर। 6. मो. इदरीश पुत्र सलामत उम्र करीब 67 वर्ष नि. पुरानी बाजार कस्बा मछलीशहर थाना मछलीशहर।

## लूट में फरार चल रहे सात आरोपियो को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तार करने का किया दावा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या शैलेष पाण्डेय ने लूट में फरार चल रहे सात आरोपियो को गिरफ्तार करने का दावा किया।उन्होने बताया कि उनके निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह,एएसपी/क्षेत्राधिकारी नगर पलाश बंसल के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट हमराह के देखभाल क्षेत्र व पेण्डिंग विवेचना व दविश वाछिंत/ वारण्टी मे निकले थे।वही एसओजी टीम व सर्विलास टीम के प्रभारी रतन शर्मा से मुकदमा उपरोक्त के लूट से सम्बन्धित घटना के बारे मे चर्चा कर रहे थे कि तभी मुखबिर द्वारा उन्हें सूचना मिली कि जगदीशपुर नहर पुलिया पर लूट के मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्तगण प्रदीप यादव उर्फ छोटू,आदित्य पाण्डेय उर्फ गगन,आशु उपाध्याय उर्फ पिंकल,अंकित निषाद पुत्र राधेश्याम,हर्षित सिह पुत्र हरिप्रताप सिंह,रितेश लाला पुत्र अज्ञात,अभिषेक दूबे पुत्र अज्ञात,नितिन दूबे पुत्र अज्ञात उपरोक्त इस समय जगदीशपुर नहर पुलिया के पास कही घटना करने के फिराक मे है।उनके मुताबिक इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक व एसओजी टीम मुखबिर के सूचना पर जगदीशपुर नहर पुलिया के पहले पहुँचा तो मुखबिर ने इशारा करके बताया कि जो लोग जगदीशपुर नहर पुलिया के पास बैठे है ये सब लुटेरे है।तभी पुलिस वाले पुलिया के पास पहुचे तो ये सब भागने का प्रयास करने लगा इस पर हम पुलिस वाले एक बारगी दबिश देकर आवश्यक पुलिस बल का प्रयोग करते हुए पकड़ लिया गया।इसमे से एक अभियुक्त रितेश लाला पुलिस को चक्मा देकर भागने मे सफल रहा, अन्य सात अभियुक्तगण को उसके जुर्म से अवगत कराते हुए गिरफ्तार कर लिया गया और लूटी गयी एच0एफ0 डिलक्स व वीवो मोबाइल फोन और जनपद गोण्डा थाना नवाबगंज से सम्बन्धित मोटरसाइकिल पल्सर को बरामद कर थाना कैण्ट व एसओजी टीम पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।उन्होने बताया कि गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र0नि0 अरूण प्रताप सिंह उ0नि0 अभिषेक त्रिपाठी उ0नि0 शिवानन्द यादव उ0नि0 अभिमन्यु शुक्ला उ0नि0 अशोक चौरसिया का0 चालक उत्सव सिंह,का0 ओमप्रकाश सिंह का0 नवनीत सिंह का0 धर्मेन्द्र कुमार मंजेश कुमार का0 विशाल सरोज हे0का0 शाहब उमर खान हे0का0 राम बहादुर व प्र0एस0ओ0जी0 रतन शर्मा हे0का0 अजय सिंह का0 चन्द्रभान यादव का0 सौरभ सिंह का0 आनन्द प्रजापति का0 शिवम् का0 विनय का0 प्रियेश तिवारी का0 अजीत शामिल रहे।

# विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का कुलपति समेत अधिकारियों ने किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में गुरुवार को 25 वें दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने स्वर्णपदक पाने वाले विद्यार्थियों को रिहर्सल के माध्यम से समझाया कि वह कैसे कल मंच पर आकर अपना मेडल लेंगें। दीक्षांत समारोह शुक्रवार को आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल मेधावियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक पद्मश्री प्रो. जे. एस. राजपूत हैं। गुरुवार को पूर्वाभ्यास में मा.राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की भूमिका का निर्वहन बायो टेक्नोलॉजी की प्रो. वंदना राय ने किया। पूर्वाभ्यास की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व कुलसचिव महेंद्र कुमार ने किया। इसमें विद्या परिषद और कार्य परिषद के सदस्य शामिल हुए। स्वर्ण पदक धारकों को आवश्यक दिशा– निर्देश भी दिए गए। विश्वविद्यालय के हेलीपैड पर सुबह 9.30 बजे माननीय कुलाधिपति का आगमन होगा। 9. 55 बजे संगोष्ठी भवन में पहुंचेंगीं। 10.00 बजे से 12.34 बजे तक समारोह



चलेगा। पूर्वाभ्यास का संचालन डा. मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. बी डी शर्मा, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राम नारायण, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, डॉ.संदीप सिंह, एनएसएस समन्वयक डा. राकेश यादव, डा. केएस तोमर, डा. लक्ष्मी मौर्य, डा. रसिकेश, डा. प्रदीप कुमार, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, बबिता सिंह, दीपक सिंह, डॉ. पीके कौशिक, श्याम श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला कारागार जौनपुर का वर्चुवल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0पी0 सिंह के संरक्षण एवं अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्ववाधान में श्रीमती शिवानी रावत, सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर की अध्यक्षता में 09 दिसम्बर 2021 को समय अपरान्ह् 01:00 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कारागार, जौनपुर का वर्चुवल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण में डिप्टी जेलर द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1238 बन्दी है जिसमे पुरूष 1035 तथा 145 महिला बन्दी हैं। महिला बन्दियों में सिद्धदोष 3 तथा विचाराधीन 55 हैं, जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु की 4 महिलायें है। महिला बन्दियों के साथ 06 वर्ष से कम आयु के 14 बच्चे है। जिला अस्पताल में 01 बन्दी भर्ती है। जेल अस्पताल में कुल 27 बन्दी है। किशोर बैरक में 18 से 21 वर्ष तक की आयु के 39 किशोर बन्दी है। सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कराते हुए बताया गया कि गरीब, असहाय वर्ग के ऐसे बन्दी जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने वादों की पैरवी हेतु वकील नही कर पा रहे हैं, वे जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से कारागार अधीक्षक द्वारा अग्रसारित कराकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जाने पर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कराया जाता है। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि ऐसे बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित कराना सुनिश्चित करें जिससें निःशुल्क अधिवक्ता




नामित किया जा सके। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 436 तथा गिरफ्तार व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में बताया गया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की स्थिति में गिरफ्तारी के कारण की सूचना देना तथा जमानतीय प्रकृति के आरोप में पुलिस द्वारा तत्काल जामानत का प्रावधान व गैर–जमानतीय प्रकृति के आरोप में 24 घण्टे के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है तथा गिरफ्तारी या निरूद्ध करने की सूचना आपके परिवारजन या निकटतम मित्र को लिखित में देना आवश्यक है। हिरासत के दौरान आपकी पसन्द के अधिवक्ता से विधिक राय हेतु मिलने या सलाह का अधिकार व गिरफ्तारी के पश्चात चिकित्सीय परीक्षण करवाने का अधिकार प्राप्त है। सचिव द्वारा कोविड–19 के सम्बन्ध में केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन जेल में निरूद्ध बन्दियों के परिजन जेल प्रशासन को 72 घण्टे के अंदर आरटीपीसी आर जॉच रिपोर्ट दिखाकर जेल में निरूद्ध अपने परिजन बन्दी से मुलाकात कर सकेगे का अक्षरशः पालन करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। जेल बैरको तथा परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखे जाने एवं संक्रामक रोगों/मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए फागिंग कराये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी जेलर कमलेन्द्र प्रताप सिंह, जेल पीएलवी गण दीपक, सुरेन्द्र, विमल, विकास व त्रिभुवन यादव तथा अन्य बंदी उपस्थित रहे।

# नम आंखों से छात्र छात्राओं सहित विद्यालय परिवार ने दी श्रद्धांजलि

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : स्थानीय क्षेत्र के प्रणवम् स्कूल में ब्वै जनरल बिपिन रावत , मधुलिका रावत व अन्य 11 देश रक्षक सदस्य को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए स्कूल प्रबंधक डॉक्टर प्रमोद के सिंह ने कहा उनका इस तरह से चले जाना इस देश के लिए अपूरणीय क्षति है । जनरल बिपिन रावत भारतीय सेना के चार सितारा जनरल थे ! उन्हें तीस दिसंबर 2019 को भारत के पहले ब्वै के रूप में नियुक्त किया गया था ! जनरल रावत का जन्म 16 मार्च 1958 को उत्तराखंड के पौड़ी में हुआ था , उनके पिता लक्ष्मण सिंह रावत ने भारतीय सेना की सेवा की और स्ळ पद तक पहुँचे , उन्होंने अपने औपचारिक शिक्षा देहरादून के कैम्ब्रियन हाल स्कूल और सेन्ट एडवर्ड स्कूल शिमला में प्राप्त की और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी छक। में शामिल होकर भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून से कमीशन्ड हो गए , जहाँ उन्हें "स्वार्ड ऑफ ऑनर " से सम्मानित किया गया , उन्होंने भारतीय मिलीटेन्ड डिफेंस कोर्से के जरिये विश्व के प्रमुख संस्थानों से कई शैक्षणिक योग्यता को प्राप्त किया । सैन्य मीडिया सामरिक अध्ययन पर उनके शोध के लिए उन्हें चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा डाक्टरेट ऑफ फिलॉसफी से सम्मानित किया गया ।अपने पिता से प्रेरित होकर अपने सपनों के लिए मन में अदम्य साहस एवं अबोध पराक्रम लेकर



जनरल रावत सेना में भर्ती हुये , वे एक कुशल कूटनीतिक एवं प्रशासनिक योद्धा थे । जिन्हें उनके भारत के रक्षा नवीनीकरण एवं आर्मी में थियेटर कमान के अस्तित्व के लिए सदा याद किया जाएगा ।नीरज सरोज, राकेश यादव , कुलदीप पांडे ,दीपक तिवारी ,विजय शंकर ,अजीत शर्मा, पंकज सिंह , पंकज मणि तिवारी , सुनीता सोनी ,नीता तिवारी ,नीलम सोनी, सोनाक्षी व छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

# सीडीएस जनरल बिपिन रावत के निधन पर पीयू में शोक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सीडीएस जनरल बिपिन रावत के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि सीडीएस बिपिन रावत का तमिलनाडु के कुन्नूर में एक हेलीकॉप्टर हादसे में निधन हो गया। हेलीकॉप्टर में कुल 14 लोग सवार थे जिसमें 13 लोग की मौत हो गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.मौर्य ने कहा कि यहध घटना बहुत ही दुखद है। सामरिक मामलों पर उनकी अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण असाधारण थे। श्री रावत पौड़ी गढ़वाल के रहने वाले थे वह थल सेना के 27 में चीफ रहे। उनके निधन से गहरा दुःख पहुंचा है। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर विश्वविद्यालय परिवार ने श्रद्धांजलि दी । शोक सभा में कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, प्रो. मानस पांडेय, प्रो.अजय द्विवेदी,प्रो.अजय प्रताप सिंह, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो.बीडी शर्मा, प्रो.रामनारायण, प्रो.देवराज सिंह, प्रो.राजेश शर्मा, डॉ.केएस तोमर, डॉ.लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. विजय तिवारी, एन एन एस समन्वयक डॉ. राकेश यादव, डॉ. रजनीश भास्कर, डॉ.संजीव गंगवार, डॉ.सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ.अवध बिहारी सिंह, डॉ,. मनोज पांडेय, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, बबिता सिंह, दीपक सिंह, डॉ.अमित वत्स, डॉ पीके कौशिक, श्याम श्रीवास्तव समेत कार्यपालिका एवं विद्या परिषद के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# पत्रकार के घर श्रद्धांजलि देने पहुंचे भाजपा नेता दिनेश शुक्ला

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के ग्राम सभा मोहरियांव में पत्रकार जय प्रकाश तिवारी के यहां उनकी स्वर्गीय माता जीके वार्षिक श्राद्ध के मौके पर श्रद्धांजलि देने के लिए शामिल हुये श्री धाम अयोध्या से पधारे श्री निर्मल शरण जी महाराज,अकेला बाबा, आलोक सिंह जिला पंचायत सदस्य सुजानगंज, युवा नेता विकास सिंह, प्रमोद के



सिंह प्रबंधक प्रणवम स्कूल , विवेक मौर्य प्रबंधक एवं अमित शुक्ला प्रधानाचार्य एपेक्स एकेडेमी, शरद श्रीवास्तव पत्रकार अमर उजाला, सौरभ त्रिपाठी पत्रकार हिंदुस्तान, शैलेंद्र पांडे डायरेक्टर श्री हरि क्लासेस, अंकित मौर्य पत्रकार,अंकित सिंह, मुंगरा बादशाहपुर के युवा भाजपा नेता दिनेश शुक्ला गुड्डू भैया सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि दिया उसके उपरांत भाजपा नेता दिनेश शुक्ल ने उपस्थित क्षेत्रीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि जनता ने यदि अवसर दिया तो मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा की दिशा और दशा दोनों बदलने का प्रयास करेंगे हर एक छोटी बड़ी समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा जो भी कार्य होगा क्षेत्र हित के लिए होगा बस आप सभी के आशीर्वाद की अपेक्षा है।

# ग्रामीणों ने पकड़ा कालाबाजारी के लिए जा रहा सरकारी खाद्यान्न

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय थाना के रैंना जगदीशपुर के कोटे से कालाबाजारी कर ले जाया जा रहा सरकारी



खाद्यान्न ग्रामीणों ने कोटेदार से लोहा लेते हुए पकड़ लिया। ग्रामीणों ने पुलिस और एसडीएम को फोन कर इस बात की जानकारी दी कि गरीबों का गेहूं बेचने के लिए दूसरी जगह ले जाया जा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर वलीपुर चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ओझा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल शुरू की। परंतु मामले की सूचना मिलने के बावजूद प्रशासन का कोई अधिकारी मौके पर नही पहुँचा।

## यातायात पुलिस की चेकिंग में कईयों के कटे चालान

सुलतानपुर . सड़क सुरक्षा के अंतिम सप्ताह में यातायात पुलिस जागरूकता अभियान के अंतर्गत जहाँ बाइकसवार व चार चक्का वाहन चालकों को नियमित चलने का पाठ पढाध रही है, तो वही दूसरी तरफ वाहन सवारो के गाड़ी के अभिलेखों के साथ ही हेल्मेट,सीटबेल्ट तथा वाहन चलाते



समय मोबाइल का उपयोग करने वालो का चालान भी कर रही है। साथ ही नगर क्षेत्र में जाम की स्थिति से निजात के लिए काफी मशक्कत भी करते हुए यातायात पुलिस कर्मियों को देखा जा सकता है। वृहस्पतिवार को प्रभारी उप निरीक्षक यातायात कुँवर बहादुर सिंह दलबल के साथ दीवानी चौराहे पर पहुंचकर बाईक व चार चक्का वाहनों की चौकिंग लगाकर मानक के अनुरूप न मिलने पर चालान काटा। प्रभारी यातायात उपनिरीक्षक कुँवर बहादुर सिंह ने बताया की विभाग लगातार जागरूकता अभियान के माध्यम से वाहन चालकों को जागरूक भी करने का काम करता है। जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# माल ब्लाक परिसर में 101 जोड़ों का होगा सामूहिक विवाह

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कार्यालय खंड विकास अधिकारी माल में सामूहिक विवाह आयोजन कार्यक्रम 11 दिसंबर शनिवार को 101 जोड़ों का विवाह का प्रथम चरण प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ होगा।विकासखंड माल परिसर में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायिका श्रीमती जयदेवी ब्लॉक प्रमुख श्रीमती राम देवी तथा केंद्रीय राज्यमंत्री एवं मोहनलालगंज के जनप्रिय सांसद कौशल किशोर द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी प्रतिभा जायसवाल द्वारा 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराए जाने का प्रस्ताव है। राकेश कुमार मिश्र सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण तथा सुनील कुमार यादव ग्राम विकास अधिकारी समाज कल्याण उक्त सामूहिक विवाह का कुशलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि लखनऊ जिले के सभी आठ विकास खंडों में सबसे अधिक माल विकासखंड परिसर में 101 जोड़ों का मेगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# भगवान श्री कृष्ण के जयकारे से गूंज उठा पूरा पंडाल

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के महूकुचा, शंकरगंज में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन की कथा में श्रीधाम अयोध्या से पधारे श्री निर्मल शरण जी महाराज ने कालिया नाग के उद्धार की कथा का श्रवण उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को कराया कि कालिया नाग का उद्धार कैसे हुआ था वहीं पर भजन "मेरे सर पर रख दो ए कान्हा अपने ये दोनों हाथ देना है तो दीजिए जन्म–जन्म का साथ" भजन के माध्यम से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया. भजन के उपरांत उन्होंने कथा प्रारम्भ करते हुए कहा कि सभी लोग संसार के बनकर बैठे हुए हैं कभी भगवान का बन कर बैठ कर के देखिए भगवान अपने बाल सखा उसे सहपाठियों से मित्रों से बहुत ही अधिक प्रेम करते थे और हर रोज ग्वाल बालों के साथ वनों में गाय बछड़े को चराने के लिए जाते थे और एक दिन काली दह के किनारे गाय बछड़ों को चराते चराते पहुंचे और वहीं पर ग्वाल बालों संघ गेंद खेलने लगे और खेलते खेलते गेंद को उठाकर काली दह में फेंक दिया और फिर जिसकी गेंद थी वह रोने लगा बोला कि मुझे मेरी गेंद चाहिए कन्हैया ने कहा उसे छोड़ दो मैं आपको दूसरी के दिला दूंगा परंतु वह जिद कर बैठ गया बोला नहीं मुझे कन्हैया वही गेंद चाहिए मैं दूसरी गेंद नहीं लूंगा फिर कन्हैया काली दह में कूद जाते हैं और कालिया नाग सो रहा था नाग पत्नियां सेवा कर रही थी जब पत्नियों ने कन्हैया को देखा तो उन्होंने कहा कि ए बच्चे यहां से भाग जाओ नहीं तो मेरे पति जाग जाएंगे तो तुम जिंदा नहीं जा पाओगे भगवान ने कहा जागने दो देखता हूं क्या कर लेता है तुम्हारा पति मेरा बिना गेद लिए मैं तो जाने वाला नहीं हूं इसलिए कि मेरा मित्र बहुत रो रहा है यह आवाज कालिया के कान में जाती है फिर वह जाग जाता है बोलता है कौन है ऊपर देखता है तो कन्हैया ने कहा ऊपर क्या देखते हो नीचे देखो और फिर कालिया ने नीचे देखा तो बोला कि तुम्हारे ऊपर मुझे बड़ी दया आ रही है फिर भगवान ने कहा किस लिए दया आ रही है मेरा गेंद दे दो मैं चला जाऊंगा फिर कालिया ने कहा गेंद तो नहीं मिलेगा यदि ज्यादा जिद करोगे तो तुम भी जिंदा नहीं जाओगे गेंद नहीं दूंगा चले जाओ फिर कन्हैया ने कहा देखता हूं तुम क्या कर लेते हो फिर कालिया ने



कन्हैया के शरीर में लपेट लिया और फिर कन्हैया अपने शरीर को फुलाने लगे तो कालिया नाग छोड़कर दूर हो गया फिर कन्हैया ने एक छलांग मारा और उसके फन पर जाकर बैठे और नाचने लगे फिर कालिया खून से लथपथ हो गया और उसकी पत्नियां हाथ जोड़कर विनती करने लगी की हे नाथ आप जो भी हैं कृपा कर हमारे पति को क्षमा करें और छोड़ दें और कालिया बोला प्रभु मुझे क्षमा कीजिए मैं आपको पहचान नहीं पाया मुझे माफ करिए भगवान ने कहा तुम यहां से छोड़कर चले जाओ कालिया बोला कि मैं छोड़कर कहां जाऊं गरुड़ के डर की वजह से यहां आकर छुपा हुआ था काली दह में गरुड़ सभी सर्पों को खा जाते हैं इसीलिए यहां पर आ गया फिर भगवान ने कहा की इस जल मैं विष क्यों फैला दिया फिर कालिया ने पूछा कहा एक बात पूछे आपसे भगवान ने कहा पूछो कालिया ने कहा मुझे किसने बनाया भगवान ने कहा मैंने बनाया कालिया ने कहा मेरे मुंह में विष किसने डाला भगवान ने कहा मैंने डाला फिर बोला यदि आप मेरे मुंह में अमृत डाले होते तो मैं यहां पर अमृत ही फैला पाता विश नहीं फैलाता मेरे मुंह में विष है तो मैं विष ही डाल सकता हूं अमृत नहीं डाल सकता और फिर भगवान ने कहा जाओ आज से तुम मुक्त हो तुम्हारे सर पर मेरा पदचिन्ह पड़ गया है अब तुम्हें गरुड़ कभी परेशान करेंगे इस प्रकार कालिया का उद्धार कर भगवान अपने घर को वापस चले आए और भगवान के जयकारे से पूरा पंडाल भक्ति मय हो गया. कार्यक्रम के आयोजक मुख्य यजमान महेश्वर श्रीवास्तव, सुरेश चंद श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जनरल बिपिन रावत व उनकी पत्नी तथा अन्य वीर सैनिकों को श्रद्धासुमन किए गए अर्पित

आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के तत्वावधान में कल तमिलनाडु में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हताहत हुए जनरल बिपिन रावत,उनकी पत्नी तथा अन्य वीर सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु विश्वास खंड 3 के शिवाजी पार्क में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें गोमतीनगर के निवासी गण उपस्थित हुए। सभी ने 2 मिनट मौन धारण कर सभी दिवंगत हुए लोगो की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की और पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात एक कैंडल मार्च निकाला गया। एक कार्यक्रम में महासचिव डॉ० राघवेंद्र शुक्ल, सचिव आलोक मिश्र, सी०जी० नायर,खंड प्रभारी हरिहर नाथ त्रिवेदी, संगठन सचिव जे०एन० मिश्र,आई०टी०प्रभारी अमित शर्मा,उपखंड समिति के अध्यक्ष जी०सी०शर्मा,कोषाध्यक्ष वी०के०मिश्र, उपाध्यक्ष एन०के०शर्मा, सदस्य राजेश तिवारी महिला प्रभारी नंदिनी मिश्र,प्रतिभा शाही,पूनम गुप्ता, वर्तिका शर्मा,पुष्पलता तिवारी,बीना




शर्मा,जे०पी० सिंह, पूर्व न्यायमूर्ति राकेश शर्मा, पूर्व न्यायाधीश जी०एस० पांडेय, पूर्व न्यायमूर्ति जी०डी०अग्रवाल, पूर्व ले०कर्नल बी० प्रसाद ,प्रफुल्ल चतुर्वेदी, विनोद तिवारी, मनोज मिश्र,अनुराग त्रिवेदी,आमिर हनीफ,दिग्विज मिश्रा तथा अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# निकाली गई श्री सीताराम विवाह शोभायात्रा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। तुलसी धाम से अयोध्या धाम श्री सीताराम विवाह शोभायात्रा अगहन शुक्ल पंचमी श्री सीताराम विवाह के अवसर पर सनातन धर्म परिषद एवं श्री तुलसी जन्म भूमि न्यास द्वारा 8 दिसंबर 2021 को गोस्वामी तुलसीदास की जन्म भूमि राजापुर सूकरखेत जनपद गोंडा से परसपुर रगड़गंज तरबगंज नवाबगंज होते हुए भगवान श्री राम की पावन नगरी अयोध्या के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में राम कुमार सोनी पूर्व प्रधान, सुरेश गुप्ता पत्रकार, उमाशंकर त्रिपाठी पूर्व प्रधान, मोहित मिश्रा, सांवल दास चौधरी, अशोक कुमार सिंह . ओंकार सिंह, बृजेश गुप्ता, मैन बहादुर सिंह, पवन कुमार गुप्ता . राम लखन, यज्ञ सैनी, रामू मिश्रा और जगदीश दुबे आदि महानुभावों ने भाग लिया । यात्रा का लक्ष्य गोस्वामी तुलसीदास जन्म भूमि सूकर खेत को तीर्थ स्थल घोषित करने एवं तुलसी जन्मभूमि परिसर के पास प्रस्तावित



विश्वविद्यालय का नाम करण गोस्वामी तुलसीदास विश्वविद्यालय करने की मांग पर बल दिया गया। डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने उक्त जानकारी दी।

# गोरखपुर में एक लाख की आबादी पर होगा एक थाना : 29 से 45 होगी थानों की संख्या

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर में पुलिस थानों के अलावा पुलिस चौकियों की भी संख्या बढ़ेगी। एसएसपी डा. विपिन ताडा के निर्देश पर सभी सर्किल के सीओ नए थानों और नई चौकियों की स्थापना के लिए कार्ययोजना तैयार करा रहे हैं। इस माह के आखिरी सप्ताह तक प्रस्ताव तैयार होने की उम्मीद है।

